# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

Ref:.....................                                                                 Date:..........................


**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**
**COMPILED BY MEDIA CELL (14.01.2025)**

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
## DATE -14.01.2025, PAGE-06

# बीआरएबीयू : नये सत्र में 40 नये कॉलेज खुलने की कतार में

■ नए कॉलेजों के लिए आए आवेदन, विवि में अभी 131 डिग्री कॉलेज

मुजफ्फरपुर, प्रसं। बीआरएबीयू में 40 नये कॉलेज खुलने की कतार में हैं। शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर इन कॉलेजों ने संबद्धन के लिए आवेदन किया है। पोर्टल पर सोमवर तक 68 आवेदन आए थे, जिसमें 40 नये कॉलेज और बाकी संबद्धता विस्तार लिए थे। बीआरएबीयू में अभी 131 डिग्री कॉलेज हैं। इन डिग्री कॉलेजों में हर साल डेढ़ लाख विद्यार्थियों का आवेदन होता है। 40 नये कॉलेजों को अगर संबद्धता मिली तो बीआरएबीयू में इस वर्ष 171 कॉलेज हो जाएंगे।

शिक्षा विभाग की तरफ से 14 जनवरी तक कॉलेज खोलने के आवेदन करने के लिए पोर्टल खुला रहेगा। इसके बाद कॉलेज अपने दस्तावेज विवि को सौपेंगे। दस्तावेज सौंपने के बाद विवि की टीम कॉलेजों का भौतिक सत्यापन करेगी। सूत्रों ने बताया कि बीआरएबीयू में कॉलेज खोलने के इच्छुक लोगों ने आर्ट्स और कॉमर्स विषय के लिए ज्यादा आवेदन किए हैं। साइंस विषय में आवेदन कम आए हैं। बिहार विवि में पिछले वर्ष 29 कॉलेजों ने आवेदन किया था, जिसमें 20 से अधिक पास नहीं किए गए। कुलपति की जांच में कॉलेजों में काफी गड़बड़ियां मिलीं। इस बार विवि टीम कॉलेजों के भौतिक सत्यापन के बाद रिपोर्ट एफलियेशन कमेटी में रखेगी, उसके बाद सीनेट में रखा जाएगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................**　　　　**Date:..........................**

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE : 14.01.2025, PAGE-06



कोलकाता के सिस्टर निवेदिता विवि में आयोजित युवा महोत्सव से लौटी बीआरएबीयू की सांस्कृतिक टीम का किया गया स्वागत।

# युवा महोत्सव में परचम लहराकर लौटी विवि की टीम

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। कोलकाता के सिस्टर निवेदिता विश्वविद्यालय में हुए पूर्वी प्रक्षेत्र सांस्कृतिक युवा महोत्सव में शामिल विश्वविद्यालय के प्रतिभागी सोमवार को वापस लौट आए। कुलपति ने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। सारे बच्चों का उत्साह देखते बन रहा था।

कुलपति डॉ. दिनेश चंद्र राय ने कहा कि बिहार विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं काफी प्रतिभावान हैं। काफी मेहनत कर राष्ट्रीय युवा महोत्सव में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए युवा महोत्सव में परचम लहराने वाले छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।

सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष और टीम मैनेजर प्रो. इंदुधर झा और सहायक टीम मैनेजर डॉ. महजबीन परवीन का भव्य स्वागत किया गया। मौके पर सांस्कृतिक समिति की सदस्य डॉ. पयोली (नृत्य प्रशिक्षिका), डॉ. अमर बहादुर शुक्ला, डॉ रोजी सुलोचना, सुल्तान अली भी मौजूद रहे।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**


HINDUSTAN
MUZAFFARPUR
DATE:14.01.2025
PAGE-06


# बीआरएबीयू के सात कर्मियों का तबादला

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू के सात कर्मियों का तबादला सोमवार को किया गया। डिप्टी रजिस्ट्रार विनोद बैठा ने इसकी अधिसूचना जारी की।

हाल में ही डिग्री सेक्शन के सेक्शन आफिसर बनाए गए राधवेंद्र कुमार को पेंशन सेक्शन में भेजा गया है। उनकी जगह महेंद्र कुमार को डिग्री सेक्शन का सेक्शन ऑफिसर बनाया गया है। महेंद्र कुमार पहले इंजीनियरिंग सेक्शन के एसओ थे। शशि भूषण कुमार को परीक्षा विभाग से अकाउंट सेक्शन भेजा गया है।

अभिषेक आनंद को डिग्री सेक्शन से परीक्षा विभाग, राजेश मिश्रा को अकाउंट सेक्शन से डीआर 2 ऑफिस, रंधीर कुमार को जेनरल सेक्शन से इस्टेट ऑफिसर ऑफिस, अभिषेक कुमार को एनएसएस ऑफिस से डिग्री सेक्शन भेजा गया है।

**BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR**
**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**
**PIN-842001 (BIHAR)**
**Website:-www.brabu.net**

**Ref:.....................** **Date:..........................**

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 14.01.2025, PAGE-06**

# समर्थ पोर्टल की समस्या जानने पटना से आई टीम

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में समर्थ पोर्टल चालू करने में आ रही समस्या को जानने के लिए सोमवार को पटना से दो सदस्यीय टीम बीआरएबीयू पहुंची। टीम में अनुराज और रविकांत सिन्हा थे। टीम ने बीआरएबीयू के समर्थ पोर्टल के नोडल प्रो राम कुमार के साथ बैठक की। बैठक में यूएमआईएस के रवि कुमार भी थे। टीम ने नोडल अफसर से पोर्टल में डाटा अपलोड करने में आ रही समस्या के बारे में जाना। नोडल अफसर ने बताया कि समर्थ की टीम को सुझाव दिया गया कि वह पोर्टल में बिहार विवि के अनुरूप बदलाव करें।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR**
**DATE : 14.01.2025, PAGE-04**

## विश्वविद्यालय सांस्कृतिक टीम का हुआ स्वागत



सांस्कृतिक टीम का स्वागत करते विश्वविद्यालय के अधिकारी व अन्य • जागरण

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: 38वें पूर्वी प्रक्षेत्र सांस्कृतिक युवा महोत्सव -2025 में बेहतर प्रदर्शन कर लौटने वाली बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक टीम का स्वागत सोमवार को किया गया। कुलपति प्रो. डीसी राय समेत अन्य ने टीम को बधाई दी और माला पहनाकर स्वागत किया। स्वागत सम्मान में डीएसडब्ल्यू डा. आलोक प्रताप सिंह, विकास अधिकारी डा. रमेश विश्वकर्मा समेत अन्य ने सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष और टीम मैनेजर प्रो. इंदुधर झा और सहायक टीम मैनेजर डा. महजबीन परवीन का स्वागत किया। टीम के साथ में गए डा. शिवशंकर मिश्र, मुकुंद कुमार, कुंदन, शेखर सुमन, अजय कुमार का भी स्वागत किया गया।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:.....................** **Date:..........................**


DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE : 14.01.2025, PAGE-04


## विश्वविद्यालय में सात कर्मियों का स्थानांतरण

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में तीसरी बार कर्मियों का स्थानांतरण सोमवार को किया गया। इसमें दो सेक्शन आफिसर (एसओ) समेत सात कर्मचारी शामिल हैं। कुलपति के आदेश पर डिप्टी रजिस्ट्रार टू डा. विनोद बैठा की ओर से इसकी अधिसूचना जारी की गई है। डिग्री सेक्शन के एसओ राघवेंद्र कुमार को पेंशन सेक्शन भेजा गया है। वहीं इंजीनियरिंग सेक्शन के महेंद्र कुमार को डिग्री सेक्शन का एसओ बनाया गया है। इसको लेकर विश्वविद्यालय की ओर से अधिसूचना जारी की गई है।

## विश्वविद्यालय को मिलेंगे समाजशास्त्र के शिक्षक

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में समाजशास्त्र के नए शिक्षक मिलेंगे। सबकुछ ठीक रहा तो अगले महीने तक नए शिक्षक मिल जाएंगे। बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग ने समाजशास्त्र के लिए इंटरव्यू की प्रक्रिया के बाद फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया है। इसमें कुल108 अभ्यर्थी सफल हुए हैं। जिले से भी कई अभ्यर्थियों ने इसमें सफलता पाई है। अब जल्द ही आयोग की ओर से सभी विश्वविद्यालयों को पैनल भेजा जाएगा। सबकुछ ठीक रहा तो इस महीने पैनल भेज दिया जाएगा।

**Ref:....................** **Date:..........................**

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE : 14.01.2025, PAGE-04

## अपनी संस्कृति को आगे बढ़ाना ही आधुनिकता

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के सीनेट हाल में राष्ट्रीय युवा सप्ताह के अवसर पर सोमवार को संवाद सत्र का आयोजन किया गया। विषय था राष्ट्र निर्माण में छात्राओं की भूमिका। मुख्य वक्ता के रूप में विश्व मांगल्य छात्र सभा की पूर्णकालिक प्रांत प्रचारक श्रुति देशपांडे ने कहा कि भारत में सांस्कृतिक नेतृत्व प्रदान करने वाली युवातियों का निर्माण करना हीं विश्व मांगल्य छात्र सभा का उद्देश्य है। कार्यक्रम का संचालन डा. रेणु बाला ने व धन्यवाद ज्ञापन प्रो.संगीता रानी ने किया। मौके पर प्राक्टर प्रो. बीएस राय, अतिथि गृह प्रभारी डा. अमर बहादुर शुक्ल, प्रो. रेणु कुमारी, प्रो. पुष्पा कुमारी, डा भारती सेहता, डा. रेशमा सिंह, डा अंजली समेत छात्राएं उपस्थित हुईं।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**


DAINIK JAGRAN
MUZAFFARPUR
DATE:14.01.2025
PAGE-04


## कदाचारमुक्त परीक्षा को लेकर बनाया उड़नदस्ता

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की इंटरमीडिएट एवं वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2025 को कदाचारमुक्त एवं स्वच्छ वातावरण में संचालित कराने शिक्षा विभाग ने उड़न दस्ता दल गठित किया है। यह उड़नदस्ता दल प्रत्येक जिले में होंगे। इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा एक से 15 फरवरी और माध्यमिक वार्षिक परीक्षा 2025, 17 से 25 फरवरी तक होनी है। प्रशासन निदेशालय के निदेशक सह अपर सचिव सुबोध कुमार चौधरी ने उड़नदस्ता दल को विशेष निर्देश दिया है। जिले में डायट रामबाग के व्याख्याता पंकज कुमार उड़नदस्ता में है। 30 जनवरी को जिले में योगदान देना है। वे परीक्षा समाप्ति तक जिला मुख्यालय में कैंप कर परीक्षा कार्यों का पर्यवेक्षण करेंगे।

**Ref:.....................** **Date:...........................**


PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE : 14.01.2025, PAGE-04


# संयुक्त परिवार की अनूठी संस्कृति को बचायें : कुलपति

## एमडीडीएम और आरबीबीएम कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन

**वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर**

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के सीनेट सभागार में रामवृक्ष बेनीपुरी महिला महाविद्यालय व एमडीडीएम कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में संवाद सत्र का आयोजन किया गया. राष्ट्र निर्माण में छात्राओं की भूमिका विषय पर आयोजित संवाद की अध्यक्षता कुलपति प्रो.दिनेश चंद्र राय ने की. उन्होंने विश्वविद्यालय की छात्राओं को संयुक्त परिवार की अनूठी संस्कृति को बचाने का आह्वान किया. कहा कि संयुक्त परिवार की धुरी स्त्रियां होती हैं. जो परिवार को बांध कर रखती है. वैसे ही राष्ट्र निर्माण की धुरी भी स्त्रियां ही सकती हैं. मुख्य वक्ता विश्व मांगल्य छात्र सभा की पूर्णकलिक प्रान्त प्रचारक श्रुति देशपांडेय ने कहा कि भारत में सांस्कृतिक नेतृत्व प्रदान करने वाली युवातियों का निर्माण करना ही विश्व मांगल्य छात्र सभा का उद्देश्य है. उनका आदर्श गार्गी मैत्रीई, अहिल्या बाई होल्कर, झांसी कि रानी होनी चाहिए. उन्होंने कहा कि कम वस्त्र पहनना और अंग्रेजी बोलना ही आधुनिकता की पहचान नहीं, बल्कि आत्मविश्वास से युक्त होकर अपनी सभ्यता और संस्कृति को आगे बढ़ाना आधुनिकता की पहचान है. कार्यक्रम का संचालन डॉ. रेणु बाला व धन्यवाद ज्ञापन सामाजिक विज्ञान की संकायध्यक्ष प्रो.संगीता रानी ने किया. मौके पर विश्वविद्यालय कुलानुशासक प्रो.बीएस राय, गेस्ट हाउस के प्रभारी डॉ अमर बहादुर शुक्ला, प्रो.रेणु कुमारी, प्रो.पुष्पा कुमारी, डॉ भारती सेहता, डॉ रेशमा सिंह उपस्थित थीं.

Ref:..................... Date:..........................

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE : 14.01.2025, PAGE-4

## दो एसओ समेत सात कर्मियों का तबादला

**मुजफ्फरपुर.बीआरए** बिहार विश्वविद्यालय में दो एसओ समेत सात कर्मियों का एक से दूसरे विभाग में तबादला किया गया है. कुलपति के आदेश पर डिप्टी रजिस्ट्रार विनोद बैठा ने सोमवार को पत्र जारी किया है. कहा है कि एसओ और संबंधित कर्मी तत्काल नये तैनाती वाले स्थल पर पदभार ग्रहण करें. डिग्री के सेक्शन ऑफिसर राघवेंद्र कुमार को पेंशन सेक्शन में भेजा गया है. वहीं महेंद्र कुमार को डिग्री सेक्शन का एसओ बनाया गया है. थर्ड ग्रेड के 5 कर्मचारियों का भी तबादला किया गया है.

## समाजशास्त्र के रिक्त पदों पर शीघ्र होगी बहाली

**मुजफ्फरपुर.** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के पीजी विभागों और कॉलेजों में समाजशास्त्र में रिक्त पदों पर शीघ्र सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति की जाएगी. इसको लेकर विभाग के स्तर पर प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है. बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग की ओर से समाजशास्त्र का फाइनल परिणाम जारी किया गया है. इसमें 108 अभ्यर्थियों को सफलता मिली है. आयोग की ओर से सभी विश्वविद्यालयों को पैनल भेजा जाएगा. ऐसे में शीघ्र सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति होने की उम्मीद है.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR


**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**


VISHWA GURU BHARAT, MUZAFFARPUR, DATE : 14.01.2025, PAGE-02


## विश्वविद्यालय सीनेट हॉल, रामबृक्ष बेनीपुरी महिला महाविद्यालय तथा एम. डी डी एम कॉलेज में राष्ट्रीय युवा सप्ताह ( 12-18 जनवरी ) के अवसर पर संवाद सत्र का आयोजन किया गया

### संवाद सत्र की अध्यक्षता कुलपति बी आर बी ए बिहार यूनिवर्सिटी प्रो दिनेश चंद्र राय ने की








**कोमल शाही ( विश्व गुरु भारत )**

मुजफ्फरपुर। गत दिवस विश्वविद्यालय सीनेट हॉल, रामबृक्ष बेनीपुरी महिला महाविद्यालय तथा एम . डी डी एम कॉलेज में राष्ट्रीय युवा सप्ताह (12-18 जनवरी) 2025 के अवसर पर संवाद सत्र का आयोजन किया गया जिसका विषय था - राष्ट्र निर्माण में छात्राओं की भूमिका कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो दिनेश चंद्र राय, कुलपति, बी आर ए बिहार विश्व. ने किया। अपने अध्यक्षीय भाषण में उन्होंने विश्वविद्यालय की छात्राओं को संयुक्त परिवार की अनूठी संस्कृति को बचाने का आह्वाहन किया तथा कहा कि संयुक्त परिवार की धुरी स्त्रियां होती हैँ जो परिवार को बांध कर रखती हैँ वैसे हीं राष्ट्र निर्माण की धुरी भी स्त्रियां हो सकती है। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सुश्री श्रुति देशपांडे, विश्व मांगल्य छात्र सभा की पूर्णकलिक प्रान्त प्रचारक, ने संवाद कला के माध्यम से छात्राओं को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत में सांस्कृतिक नेतृत्व प्रदान करने वाली युवातियों का निर्माण करना हीं विश्व मांगल्य छात्र सभा का उद्देश्य है। उनका आदर्श गार्गी मैत्रीई, अहिल्या बाई होल्कर, झाँसी कि रानी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कम वस्त्र पहनना और अंग्रेजी बोलना हीं आधुनिकता की पहचान नहीं बल्कि आत्मविश्वास से युक्तहोकर अपनी सभ्यता और संस्कृति को आगे बढ़ाना हीं आधुनिकता की पहचान हैं। तभी विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत, विश्व गुरु भारत की परिकल्पना साकार होगी. अपनी सांस्कृतिक पहचान को बनाये रखने और उसकी अन्तर्राष्ट्रीय ब्रांडिंग के लिए उन्होंने युवातियों को आगे आने का आह्वाहन किया। कार्यक्रम का संचालन डा. रेणु बाला ने तथा धन्यवाद ज्ञापन सामाजिक विज्ञानं की संकायध्यक्ष प्रो. संगीता रानी ने किया. मौके पर विश्वविद्यालय कुलनुशाशक प्रो बी. एस. राय, अतिथि गृह प्रभारी डा. अमर बहादुर शुक्ल, प्रो रेणु कुमारी, प्रो पुष्पा कुमारी, डा भारती सेहता, डा रेशमा सिंह, डा अंजली इत्यादि समेत लगभग 100 से अधिक छात्राएं मौजूद थी।